दिनांकः 31.05.2024

नोटिफिकेशन

कूटरचित नियुक्ति–पत्र के संबंध में।

संज्ञान में आया है कि श्रीमती दुर्गा भारती पत्नी श्री सरोज कुमार भारती निवासी कटरा, प्रयागराज उ0प्र0 211002 का जी0एन0एम0 के पद पर नियुक्ति–पत्र दोषी व्यक्तियों के स्तर से दिनांक 16.04.2024 को निर्गत किया गया है जोकि **पूर्णतयाः कूटरचित एवं फर्जी** है तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा जारी नहीं किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत राज्य स्तर से संपादित होने वाली संविदा रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 की वेबसाइट www.upnrhm.gov.in पर अपलोड किया जाता है। उक्त कूटरचित एवं फर्जी नियुक्ति–पत्र के खण्डन एवं प्रकरण की जांच कराते हुये दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज करते हुये नियमानुसार कठोर एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी जनपद–बलिया को पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

अभ्यर्थियो द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 की आधिकारिक वेबसाइट www.upnrhm.gov.in पर भर्ती संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अन्य किसी पोर्टल, वेबसाइट, यू–ट्यूबर इत्यादि पर उपलब्ध जानकारियो का संज्ञान न लें।

Sd/-
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0।